हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 जून 2024



तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 32.0 डिग्री


11 लड़कियों की मां थाने के काट रही चक्कर



12 ब्लॉक समिति सदस्य का पति चढ़ा टावर पर 4 घंटे बाद उतारा




## खबर संक्षेप

### ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल आज सोनीपत आएंगे

**सोनीपत/गन्नौर।** ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 14 जून को सुबह 07:30 बजे कुण्डली पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे सुबह 08 बजे बीजेपी कार्यालय सोनीपत और 08:30 बजे गन्नौर पहुंचेंगे। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का शुक्रवार की सुबह 8 बजे जी टी रोड फ्लाईओवर के नीचे स्वागत किया जाएगा। मन्नत ग्रुप होटल्स के चेयरमैन समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने हलके के लोगों से आह्वान किया कि वे स्वागत कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचे।

### एटीएम कार्ड बदल ठगी करने का आरोपी काबू

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जिला जींद के जुलाना की लाइनपार बस्ती निवासी सुनिल उर्फ सोनू पुत्र आत्मा राम है। आरोपित को न्यायालय में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया है। गत 12 जून को क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने शहर में जींद रोड स्थित आरओबी के पास से उक्त आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने पर उसके पास से काले रंग का एक पर्स बरामद हुआ। पर्स के अन्दर 12 अलग-अलग एटीएम कार्ड बरामद हुए। आरोपित ने बताया कि उसने कई जगह लोगों के एटीएम कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करके उनके खातों से पैसे निकाले हैं।

### दुकान की छत उखाड़कर नकदी और सामान चोरी

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी निवासी धर्मेन्द्र ने बताया कि वीरवार की सुबह समय 9 बजे अपनी दूकान पर आया तो शटर खोल कर देखा तो मेरी दूकान मे मेरा सामान बिखरा हुआ मिला। उसके बाद जांच की तो पता चला कि चोर दुकान की छत से लोहे के गाटर व पत्थर की सिल्ली उखड़ी हुई थी। उसके बाद सामान की जांच की तो पता चला कि चोर मोबाईल की असेसरी का सामान, 10 हजार रुपएं की नकदी, रेड बुल की दो पेटीया व सिगरेट के 2 डिब्बे चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत पुलिस को दी। शिकायत के बाद पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### आईटीआई जाने को कहा तो छात्र हो गया लापता

**सोनीपत।** गांव चिटाना निवासी रमेश ने बताया कि उसका बेटा मोहित आईटीआई सोनीपत में पढ़ता है। वह चार दिन से आईटीआई में नहीं जा रहा था। उसे आईटीआई में जाने के लिए कहा, लेकिन वह आईटीआई में नहीं जा रहा था। उसने धमकाया तो वह बिना किसी से कुछ बताए घर से चला गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। एसआई अनम कुमार ने बताया कि छात्र की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द छात्र की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### रक्तदाता दिवस पर आज लगेंगे दो रक्तदान शिविर

**गोहाना।** शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर एक ही दिन में एक साथ दो रक्तदान शिविर लगेंगे। शहर में भगवान परशुराम चौक में भागराम ट्रस्ट तो कटवाल गांव में ग्रामीण रक्तदान शिविर लगाएंगे। भगवान परशुराम चौक के रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि गोहाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य होंगे। अध्यक्षता भागराम ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गंगनेजा की अनुपस्थिति में संस्थापक और स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास करेंगे। उषा गंगनेजा को राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित करने के लिए अम्बाला आमंत्रित किया गया है। कटवाल गांव में रक्तदान शिविर पूर्व सरपंच सुभाष लौकी की बैठक में लगेगा।

## जिला और खंड स्तरीय समाधान शिविर किए जा रहे आयोजित

# समाधान शिविर में आई 107 शिकायतें 19 का किया समाधान, 88 अभी लंबित

- शिविर में कम हो रहा समस्याओं का समाधान, लंबित रखी जा रही हैं अधिकतर शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

हरियाणा सरकार के निर्देशों के अनुसार रोजाना समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय समाधान शिविर उपायुक्त की अगुवाई में लघु सचिवालय में तो खंड स्तरीय समाधान शिविर संबंधित एसडीएम की अगुवाई में आयोजित किया जा रहा है। लेकिन समाधान शिविर में शिकायतें तो आती है, लेकिन उनका समाधान कम ही हो रहा है। जिले में गुरुवार को कुल 107 शिकायतें समाधान शिविर में रखी गई थी, जिसमें से केवल 19 शिकायतों का ही समाधान हो पाया, जबकि 88 शिकायतें लंबित हैं। इन 107 शिकायतों में से सबसे अधिक 99 शिकायतें सोनीपत स्थित लघु सचिवालय में उपायुक्त के निर्देशन में आयोजित समाधान शिविर में सामने आई। वहीं 6 शिकायतें खरखौदा एसडीएम, 2 शिकायतें गोहाना एसडीएम के समक्ष आई। इसके अलावा गन्नौर एसडीएम के समक्ष कोई शिकायत नहीं मिली। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने गुरूवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक संबंधित अधिकारियों के साथ समाधान शिविर लगाकर आमजन द्वारा मिली 99 समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में आम नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि समस्याएं सुनी गई। सोनीपत ककरोई रोड पर सीवर लाईन व सडक को दुरूस्त करवाने को लेकर आई शिकायत पर उपायुक्त ने तुरंत नगर निगम को पत्र जारी किया कि इस सीवर लाईन को जल्द ठीक करवाया जाए ताकि वहां पर सडका का निर्माण हो सके और लोगों को आने जाने में हो रही दिक्कत से निजात मिल सके। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में जनसुनवाई करते डीसी।

### ये शिकायतें सुनी जा रहीं शिविर में

शिविर में मुख्यतयाः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी जा रही हैं।

### आज का लेखा-जोखा

| शिकायतें | संख्या | समाधान | लंबित |
|---|---|---|---|
| प्रोपर्टी आईडी | 1 | 0 | 1 |
| पीपीपी/आधार | 29 | 10 | 19 |
| रजिस्ट्री, इंतकाल | 19 | 3 | 16 |
| विकास | 40 | 1 | 39 |
| पेंशन | 4 | 4 | — |
| अपराध | 5 | — | 5 |
| बिजली | 4 | 1 | 3 |
| जनस्वास्थ्य | 2 | — | 2 |
| स्वास्थ्य विभाग | 1 | — | 1 |
| रोडवेज | 1 | — | 1 |
| सिंचाई | 1 | — | 1 |
| कुल | 107 | 19 | 88 |

### अलग-अलग श्रेणी में रखी जाएंगी शिकायतें

समाधान में शिविर में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली समस्याओं को अलग-अलग श्रेणियों में बांटा जाए। जिन शिकायतों का निवारण तत्काल हो सकता है उन्हें प्रथम श्रेणी में रखा जाए। एक सप्ताह के भीतर समाधान होने वाली शिकायतों को द्वितीय श्रेणी में रखा जाए। उन्होंने कहा की ऐसी शिकायतों के निवारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फोन पर फीडबैक भी लिया जाए।

# फोम फैक्टरी के गोदाम में लगी आग, पाया काबू



**सोनीपत।** गोदाम में जले ड्रम व आग लगने से गिरने की कगार पर पहुंचा शेड।

- फैक्टरी के गोदाम में रखा सामान जलकर हुआ राख
- संदिग्ध कारणों के चलते लगी गोदाम में आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर गांव बड़वासनी के पास स्थित पीयू फोम फैक्टरी के गोदाम में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। गोदाम पर तैनात सिक्योरियटी गार्ड ने मामले को लेकर फैक्टरी मालिक को अवगत करवाया। उसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियों मौके पर पहुंची। जहां गोदाम में लगी आग पर कड़ी मशक्त के बाद काबू पाया। आग लगने से गोदाम में रखा सामान जलकर राख हो गया। जिससे गोदाम मालिक को आर्थिक हानि हुई है। शहर के मॉडल टाउन निवासी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि गांव बड़वासनी में साउथ प्वाइंट लॉ कॉलेज के पीछे उनकी फैक्टरी है, जिसमें पीयू फोम बनाने का काम होता है। फैक्टरी में ही गोदाम है, जिसमें फोम व अन्य सामान था। बृहस्पतिवार को सुबह करीब करीब साढ़े 7 बजे फैक्टरी में तैनात गार्ड ने फोन कर बताया कि गोदाम में अचानक आग की लपटें उठने लगी है।

स्थानीय प्रयासों से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग बढ़ती ही गई। मामले को लेकर दमकल केंद्र पर सूचना दी गई, जिसके बाद पहुंची दो दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। आग से गोदाम में रखा फोम व अन्य सामान जलकर राख हो गया। फैक्टरी मालिक ने आशंका जताई है कि शॉर्ट सर्किट के चलते गोदाम में आग लगी है। जिसके चलते उसे काफी आर्थिक हानि हुई है। वहीं गोदाम का शैड भी गिरने की कगार पर पहुंच गया। जिसे दोबारा से तैयार करना पड़ेगा।

## खेल नर्सरी चलाने की मिली अनुमति

**गन्नौर।** गुमड़ गांव में चौं मांगेराम खेल कबड्डी सोसाइटी द्वारा संचालित सीएमआर कबड्डी अकेमडी को जिला खेल अधिकारी द्वारा खेलो को बढ़ावा देने के लिए खेल नर्सरी की अनुमति मिल गई है। अकेडमी के संचालक इन्द्र सिंह पहल ने बताया कि लड़के एवं लड़कियों की खेल नर्सरी में 25-25 खिलाड़ियों को कबड्डी में निपुण बनाया जाएगा। इसके लिए अकेडमी में खिलाड़ियों के चयन के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। खेल प्रशिक्षक विभाग के नियम व आदेशानुसार चयनित होगा। वहीं जिला खेल विभाग द्वारा आदेश दिए गए है कि विभाग द्वारा किसी भी समय खेल नर्सरी का निरीक्षण किया जाएगा। किसी प्रकार की कोताही नही होनी चाहिए।



**गन्नौर।** सीएमआर अकेडमी में मेट पर कबड्डी खेलती लड़कियां।

# कॉलेज-यूनिवर्सिटी में अब दो बार होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश में उच्च शिक्षण संस्थानों के दाखिलों की प्रक्रिया में अति महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में दाखिले साल में एक नहीं, दो बार होंगे। पहले दाखिले जुलाई-अगस्त में तो दोबारा दाखिले जनवरी-फरवरी में होंगे। यह परिवर्तन विदेशी विश्वविद्यालयों के पैटर्न पर किया गया है। गुरुवार को यूजीसी के आदेश के हवाले से यह जानकारी बरोदा गांव के राजकीय कॉलेज के उप प्राचार्य पवन लठवाल ने दी। पवन लठवाल के अनुसार विदेशी विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक वर्ष में दो बार दाखिले होते हैं। भारतीय विद्यार्थियों को समान सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अब यूजीसी ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि देश के कॉलेज और विश्वविद्यालय पहले जुलाई-अगस्त और उसके बाद उसी शैक्षणिक सत्र में जनवरी-फरवरी में प्रवेश प्रदान कर सकेंगे। पवन लठवाल ने कहा कि एक साल में दोहरे दाखिलों से सीधे तौर से उन बच्चों को फायदा होगा जो रिजल्ट लेट आने, बीमारी या किसी अन्य कारण के चलते समय पर दाखिला नहीं ले पाते। वे अब जुलाई-अगस्त में चूक जाने के बाद एक साल बर्बाद होने के लिए विवश नहीं होंगे अपितु जनवरी-फरवरी के दूसरे चरण में दाखिले से अपना समय बचा सकेंगे।

### यूजीसी का नया प्रावधान

### जुलाई-अगस्त माह के अलावा अब जनवरी-फरवरी में भी होंगे दाखिले

### विदेशी विश्वविद्यालयों से एमओयू करना भी हो जाएगा आसान

उप प्राचार्य ने कहा कि विदेशी विश्वविद्यालयों के समकक्ष दोहरे दाखिलों से अब देश के लिए उनसे एमओयू करना भी सुगम हो जाएगा।

# घर से पीने का पानी लेने निकली थी महिला, ट्रेन की चपेट में आकर मौत

- पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में भिजवाया
- अस्पताल में फोरेसिंक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग पर सारंग रोड के पास रेलवे लाइन पार कर रही महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां फोरेसिंक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया। महिला देर शाम पीने का पानी लेने के लिए जा रहा थी। लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। राजकीय रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ज्ञान नगर निवासी अनीता (37) देर शाम करीब 10.30 बजे पीने का पानी लेने के लिए गोहाना रोड की तरफ जा रही थी। सारंग रोड अंडर ब्रिज के नीचे दूषित पानी भरा होने के चलते रेलवे लाइन क्रास करने लगी। उसी दौरान अंबाला की तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। नागरिक अस्पताल में फारेंसिक चिकित्सक न होने के चलते चिक्तसिक ने शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। जांच अधिकारी एसआई अजय कुमार ने बताया कि शव का आज पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। परिजनों के बयान दर्ज कर लिए है। खानपुर में पोस्टमार्टम करवाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कारगिल शहीदों के सम्मान में रथयात्रा 16 को पहुंचेगी सोनीपत

**सोनीपत।** कारगिल शहीदों के सम्मान में हरियाणा शहीद सेवा दल द्वारा तिरंगा रथ यात्रा निकली जा रही है। यह यात्रा 10 मई से शुरू होकर 98 दिन में 4100 किलोमीटर का सफर तय करके विजय दिवस 26 जुलाई 2024 के दिन कारगिल पहुंचेगी। शहीद सेवा दल के संयोजक सावन सिंह रोहिल्ला ने बताया कि शहीद के गांव जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी व शहीद परिवार को भी सम्मानित किया जाएगा। शहीद सेवा दल 16 जून को गांव रूखी, 18 जून को गांव पीनना व महलाना में तिरंगा फहराकर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसमें पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रथ यात्रा का गांव पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा।

# फतेहपुर में अवैध कॉलोनी ध्वस्त की

- भूमाफिया के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट ना खरीदें आमजन : नरेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

गुरूवार को गांव फतेहपुर में 4 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी का ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान 3 डीपीसी, 8 बाउंड्री वाल, 2 निमार्णाधीन रिहायशी घर तथा 4 निमार्णाधीन व्यवसायिक दुकानों को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी (डीटीपी) नरेश कुमार के अनुसार जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है और अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है, तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनसाधारण का आह्वान किया है कि भूमाफिया के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें। अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती।



**खरखौदा।** अवैध निर्माण को धराशायी करते हुए डीपीटी दस्ता

## संत कबीर आश्रम में ड्रेन का पानी घुसने से लोगों को परेशानी

# ड्रेन नंबर 6 पर कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर

- मेयर ने निगम अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

मेयर निखिल मदान वीरवार को शहर के मामा भांजा चौक पर पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा ड्रेन नंबर 6 को ढकने के कार्य का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद निगम के एसडीओ सुरेश लोहान को जल्द से जल्द काम पूरा करवाने के निर्देश दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया कि संत कबीर आश्रम में रहने वाले लोगों ने ड्रेन नंबर 6 का पानी आश्रम में घुसने की समस्या से अवगत कराया था। मेयर निखिल मदान ने कहा की ड्रेन को ढकने का काम बड़ी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है, आश्रम से थोड़ा आगे ड्रेन नं 6 का पानी रोका गया है। जिसके चलते ड्रेन में पानी का स्तर बढ़ा है और ड्रेन का कुछ पानी रिसकर आश्रम की दीवारों के साथ नींव में इकठ्ठा हो रहा है। इसके कारण आश्रम में रहने वाले लोग परेशान और चिंतित है। लेकिन एक या दो दिन में आगे का रास्ता तैयार कर पानी को आगे छोड़ दिया जायेगा, जिससे पानी का स्तर नीचे आएगा और आश्रम में जल भराव की समस्या दूर हो जाएगी। इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सभी निगम अधिकारी और संबंधित एजेंसी दिन रात काम कर रही है। इसके अतिरिक्त अस्थायी तौर पर दीवारों के साथ मिट्टी लगाकर भी जल भराव को रोकने के आदेश उनके द्वारा दिए गए है।

ड्रेन नंबर 6 के अंदर नई सीवरेज लाइन बनाकर उसमे अधिकांश कालोनियों की सीवरेज लाइन को जोड़ने का काम निगम द्वारा पहले ही पूरा किया जा चुका है। जिससे ओल्ड डीसी रोड की विभिन्न कालोनियों जीवन नगर, तारा नगर, भगतपुरा, नंदवानी नगर, चार मरला, ब्रह्म कालोनी, पंचम नगर, कबीरपुर, पटेल नगर सहित जनता कालोनी, सिक्का कालोनी के लोगों को रोज रोज होने वाले सीवर जाम और दूषित जल भराव से राहत मिली है। जल्द ही ड्रेन नं 6 का बचा हुआ कार्य भी पूरा कर लिया जायेगा जिससे लोगों को रोजाना होने वाली मुसीबतों से निजात मिलेगी। इस दौरान गुरु सत्य दास, अनिल नागर, पवन सोलंकी ,जगदीश चंद्र, सत्यम, संजय, विनोद, जुगल ज्योति, कुलदीप वत्स, शुभम आदि लोग मौजूद रहे।



**सोनीपत।** ड्रेन नंबर 6 पर चल रहे कार्य का निरीक्षण करते मेयर निखिल मदान।

# योग कार्यशाला में 16 छात्राओं ने लिया हिस्सा



**सोनीपत।** कार्यशाला के दौरान प्रस्तुति देती कक्षा में शामिल छात्राएं।

**सोनीपत।** कच्ची क्वार्टर सोनीपत में वीरवार को एक योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 16 छात्रों ने भाग लिया और उन्हें योग के मूलभूत सिद्धांतों और फायदों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन शिल्पा कालरा ने किया। जिन्होंने अपने ज्ञान और अनुभव से छात्रों को योग के विभिन्न आसनों और उनके लाभों के बारे में बताया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को योग की महत्ता और इसके नियमित अभ्यास के लाभों से अवगत कराना था। योग कार्यशाला के आयोजन से छात्रों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने का सं



सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट!

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।



### हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए। लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

### पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।



### पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट


फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

### अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

### अपने पापा के पापा को नहीं भूलना

बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।



जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।


सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

## जीके क्विज-108

1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?



**बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
**सोनू :** 20 नंबर।
**-रंजीत, हिसार**

**नव्या :** अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी :** चिड़िया बनकर।
**नव्या :** अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी :** वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।
**-खुशबू, रायपुर**



**मम्मी :** तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन :** मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी :** अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन :** 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'
**-शुभम, भोपाल**

कहानी
डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

**रंग भरो-152** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्यांश, दुर्ग


उदय, बालोद


रितेश, मटियारी


सृष्टि, रायपुर


अपर्णा, कबीरधाम


अंकिता, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी

## रंग भरो 153

बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?






उत्तर : D

## खबर संक्षेप

### पानी निकासी को लेकर फील्ड में उतरे अधिकारी

**सोनीपत।** शहर के विभिन्न मार्गों पर भरने वाले बारिश के पानी की निकासी को लेकर परीक्षा होनी है। इसके लिए निगम अधिकारियों ने फील्ड में उतरकर पानी निकासी की व्यवस्थाओं की जांच की। कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग के नेतृत्व में अधिकारियों ने शहर के सभी डिस्पोजलों की जांच की। साथ ही कार्यकारी अभियंता ने अधिकारियों को सिंचाई विभाग से 15 पंपसेट लेने के निर्देश दिए। जिससे शहर में जल्द ही पानी निकासी की जा सके और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के पूर्वी क्षेत्र में 12 और पश्चिमी क्षेत्र में पांच डिस्पोजल पंपों की व्यवस्था है।

### कर्मचारियों का हाउस रेंट बढ़ाए सरकार : अशोक

**गोहाना।** सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं ऑल इंडिया हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर ने कहा कि केंद्र सरकार कर्मचारियों का हाउस रेंट बढाने सहित अन्य भत्ते लागू कर चुकी है लेकिन राज्य सरकार अब तक लागू नहीं किया गया है। राज्य सरकार भी कर्मचारियों का हाउस रेंट बढाने सहित अन्य भत्ते लागू करे। खोखर ने कहा कि कर्मचारियों के हाउस रेंट भत्ते को 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर शहरों की जनसंख्या के दृष्टिगत 8, 16 व 24%को बढाकर 10, 20 व 30 % किया जाए। 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार जब महंगाई भत्ता 50 % से ऊपर हो जाएगा तो डीए 50 प्रतिशत होना निश्चित हुआ है। लेकिन सरकार ने अब तक हाउस रेंट नहीं बढ़ाया है, जिस कारण कर्मचारियों में रोष है।

### कारगिल यात्रा का स्वागत किया

**रोहतक।** शहीद सेवा दल पूरे हरियाणा में कारगिल यात्रा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत 10 मई को सिरसा से की गई। यह यात्रा 26 जुलाई तक शहीदों की प्रतिमाओं व उनके परिवार व स्मारकों को नमन करते हुए कारगिल पहुंचेगी और वहां कारगिल दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होगी। वीरवार को सुबह कारगिल यात्रा का एलपीएस बोसार्ड में स्वागत किया गया। कारगिल यात्रा के चेयरमैन सावन सिंह ने राजेश जैन का आभार व्यक्त किया। यात्रा में 80 युवा भाग ले रहे हैं। राजेश जैन ने कारगिल यात्रा को झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया।

### चिड़ी में 2 युवकों के साथ मारपीट, 4 पर केस दर्ज

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चिड़ी में दो युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में चिड़ी निवासी लोकेश पुत्र दिलबाग सिंह ने बताया कि वह शादीशुदा है और बाल बच्चेदार है। करीब डेढ़ साल पहले उसके चाचा जगमेंद्र की मेरे ताऊ रमेश के साथ कहासुनी हुई थी। जिस वजह से उसका ताऊ रमेश व उसके लड़के नितिन व जतिन रंजिश रखे हुए हैं। कल वह और उसका दोस्त सतीश खेत में गए थे। सुबह 8 बजे सतीश व उसके ताऊ के लड़के नितिन की कहासुनी हो गई। कहासुनी होने के कुछ देर बाद में सतीश बाइक पर घर आने लगा। उसके ताऊ रमेश और उसकी पत्नी ने गाड़ी हमारे मोटर साइकिल के सामने अड़ा दी।

---

### नगर योजनाकार विभाग को पता नही, खुद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने माना

# गन्नौर में धड़ल्ले से पनप रही अवैध कालोनियां, तेज गति से निर्माण जारी

### लोगों को सस्ते रेट और किस्तों में प्लॉट खरीदने के लिए कहा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में अवैध कॉलोनियां विकसित होना व उनमें अवैध निर्माण बंद नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि डीलरों ने मनमर्जी से लेआउट प्लान बना लिया और उन्हें दिखाकर शहर में जमकर प्लॉट कि बिक्री की जा रही है। इतना ही नहीं शहर में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों की बिक्री करने के लिए टेलीफोन के माध्यम से मार्केटिंग भी की जा रही है। हैरानी की बात है कि जिला नगर एवं योजनाकार विभाग उनकी तरफ कोई ध्यान नही दे रहा। जिससे अवैध कालोनियां जोरो पर पनप रही है। अब तो डीलरों द्वारा लोगों को कॉल करने सस्ते रेट और किस्तों में प्लॉट खरीदने के लिए भी कहा जा रहा है। लोग सस्ते प्लॉट के चक्कर में आकर इन बिल्डरों से प्लाटों में खरीद रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है जब सरकार व जिला प्रशासन द्वारा सख्त आदेश है कि शहर में कहीं भी अवैध कॉलानी विकसित नहीं होना चाहिए और अवैध कॉलोनी के विकसित होने पर तुरंत रोक लगनी चाहिए लेकिन उसके बाद भी शहर में बेधड़क जमकर अवैध कॉलोनी काटने व उनमें निर्माण किया जा रहा है ताकि प्लाट लेने वालों को विश्वास हो सके कि उन्हें प्रशासन का कोई डर नही है।

अवैध कालोनी और उसमें निर्माण को लेकर लोगों का आरोप है कि शहर में नगर योजनाकार विभाग की अनदेखी से गरीब लोग कालोनाइजरों के शिकार हो रहे है। अगर समय-समय पर विभाग कार्रवाई करे तो पहले से की गई विभाग की कार्रवाई के बाद कोई अवैध कालोनी में निर्माण का कदम नही उठाए। योजनाकार विभाग जागा तो अब गरीब लोगों को उनके अवैध निर्माण गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। शहर में बेगा रोड, बड़ी रोड, अगवानपुर फाटक के पास राजलू गढ़ी रोड, बादशाही रोड, खेड़ी गुज्जर रोड, बंद पड़े रजवाहे के दोनो तरफ कालोनी काटने व अवैध निर्माण जोरो पर हो रहा है। बेगा रोड पर तो एक फार्म हाऊस द्वारा योजनाकार विभाग द्वारा लगाई साल को तोड़कर उसमें अवैध निर्माण भी कर दिया।





**गन्नौर।** बेगा रोड पर अवैध कालोनी में हो रहा अवैध निर्माण व कालोनी में बनाई गई सड़क। *फोटो :हरिभूमि*

#### प्रशासन सख्त, होगी कार्रवाई : नागर

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि सरकार के सख्त आदेश है कि अवैध कालोनी के प्रति सख्त कार्रवाई करे। प्रशासन इसकों लेकर सख्त है। जांच करवाई जाएगी, लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी।

#### निर्माण का पता लगते ही कार्रवाई

नगर योजनाकार विभाग के गन्नौर इन्चार्ज एटीपी मनदीप ने बताया कि जहां निर्माण हो रहा है। उनके संज्ञान में आने के बाद वे चैक करवा लेंगे। जहां निर्माण हो रहा है वे कोई छोटे रोड नहीं है। ऐसे पता नहीं चलता। विभाग अवैध कालोनी और उनमें हो रहे निर्माण का पता लगते ही कार्रवाई करता है।

---



**गन्नौर।** मुरथल ढ़ाबा एसोसिएशन द्वारा मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र कादियान, डीसीपी हेडक्वार्टर मनवीर सिंह लोकार्पण करते हुए।

## मुरथल ढाबा एसो. ने पुलिस को भेंट की टाटा सफारी गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मुरथल ढ़ाबा एसोसिएशन द्वारा मुरथल पुलिस थाना को टाटा सफारी गाड़ी भेंट की गई। गाड़ी को लोकार्पित करते हुए मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान ने शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पुलिस को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाना जरूरी है, ताकि समाज की प्रहरी के रूप में पुलिस लोगों को और बेहतर सेवाएं दे सके। पुलिस थाना मुरथल में वाहन लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र कादियान शामिल हुए।

उन्होंने टाटा सफारी गाड़ी की चाबी पुलिस को सौंपते हुए कहा कि पुलिस सुरक्षा बेहद जरूरी है। दिन-रात पुलिस के जवान लोगों की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। त्योहारों के मौके पर भी पुलिस हमारी सुरक्षा को तत्पर रहती है, ताकि असामाजिक तत्वों पर लगाम लगी रहे। आधुनिकता के इस दौर में भी पुलिस संसाधनों के अभाव में भी बेहतर से बेहतर सेवाएं देने का प्रयास करती है, जिसके लिए पुलिस बधाई की पात्र है। प्रधान मंजीत के नेतृत्व में मुरथल ढ़ाबा एसोसिएशन ने सार्थक एवं अनुकरणीय पहल की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे भी पुलिस को हर संभव मदद को सदैव उपलद्ब्ध रहेंगे। इस दौरान डीसीपी ईस्ट गौरव राजपुरोहित और डीसीपी हेडक्वार्टर मनवीर सिंह ने मुख्यातिथि व मुरथल ढ़ाबा एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया। एसीपी सन्दीप धनखड़ व मुरथल पुलिस थाना प्रभारी जसपाल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। हाइवे पर सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी, ढाबा व्यपारी खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे।

---

## गांवों व शहर में कैंप लगा अधिकारी सुनेंगे समस्याएं

- एसडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश 14 जून से 22 तक लगेंगे विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) की त्रुटियों को दूर करने व अन्य समस्याओं का निदान करने के लिए प्रत्येक गांव व शहर के हर वार्ड में कैंप आयोजित होंगे। इस संदर्भ में गुरुवार को एसडीएम विवेक आर्य ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। अधिकारी भी इसी नीति पर काम करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनको अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। विवेक आर्य के अनुसार पीपीपी की त्रुटियों को दूर करने, पेंशन व आधार कार्ड संबंधी समस्याओं, बीपीएल कार्ड व जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं का निदान करने के लिए 14 जून से लेकर 22 जून तक हर गांव व शहर में सरकारी विद्यालयों व वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी ईमानदारी से काम करते हुए लोगों की समस्याओं का निदान करें। लोगों की समस्याओं को लेकर किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने कार्यालयों में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक अपने कार्यालयों में मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुनें। बैठक में नायब तहसीलदार गोहाना शिवराज सिंह, नायब तहसीलदार खानपुर कलां अशोक, बीडीपीओ गोहाना डॉ. परमजीत सिंह और एएफएसओ सतीश दहिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अग्रवाल सत्संग सभा की कार्यकारिणी निर्वाचित

**गोहाना।** पुरानी अनाज मंडी स्थित अग्रवाल सत्संग भवन की संचालक श्री राम मंदिर एवं अग्रवाल सत्संग सभा की पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हो गई। पांचों मुख्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी के 6 सदस्य बिना मतदान चुन लिए गए। केवल एक-एक ही नामांकन आया। रामधन भारतीय पुनः सभा की कमान संभालेंगे। वह अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हो गए। श्री राम मंदिर और अग्रवाल सत्संग सभा का चुनाव 11 जुलाई को होना है। यह चुनाव करवाने के लिए भूषण अग्रवाल को रिटनिंर्ग अधिकारी नियुक्त किया गया। उनका कहना है कि नामांकन की प्रक्रिया में ही चूं कि प्रत्येक पद के लिए केवल एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ, ऐसे में पूरी कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन का मार्ग प्रशस्त हो गया तथा अब मतदान करवाने की कोई आवश्यकता बाकी नहीं रही है। अध्यक्ष रामधन भारतीय, उपाध्यक्ष सत्य नारायण मित्तल, महासचिव रमेश अग्रवाल, सह सचिव श्रीपाल सिंघल और कोषाध्यक्ष गोविंद जिंदल बने।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर की दिनचर्या का जीवनभर पालन करने का आह्वान

- भाविप की उपाध्यक्ष ने महिलाओं को आत्म रक्षा के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन पर भाविप के पदाधिकारी व प्रतिभागी।

भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर का जीवन निर्माण, आत्मरक्षा कैम्प व योग शिविर किड्स प्ले वैली स्कूल आहुलाना में समापन हुआ। कार्यक्रम में योग शिक्षक बी आर शर्मा, सरिता ने 70 महिलाओं और बच्चों को आत्मरक्षा और योग सिखाया। कार्यक्रम उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक के नेतृत्व में चला। शिविर में महिला संयोजिका मनीषा जैन व उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक, राजबाला शर्मा ने महिलाओं को आत्म रक्षा के प्रति जागरूक किया। उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से नई पीढ़ी में संस्कारों का निर्माण होता है। इसके साथ ही मन-मस्तिष्क और शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने शिविर संभागी वीरांगनाओं से शिविर के दौरान अपनाई गई दिनचर्या का जीवन भर पालन करने को कहा। वीरांगनाओं ने शारीरिक कौशल का अदभुत प्रदर्शन किया। जिसमें युद्ध कौशल, शूटिंग, पिरामिड निर्माण, जूडो कराटे का सहित योग प्राणायाम की प्रस्तुति दी। साथ ही देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत नाटकों की प्रस्तुति दी। योगेश कौशिक,तरुण प्रताप त्यागी ,कृष्ण जिंदल ,अमित जिंदल ,राजेंद्र कौशिक,बी आर शर्मा, निशि पाहुजा आदि मौजूद रहे।

---

## लड़कियों की मां थाने के काट रही चक्कर पुलिस पर मदद न करने का लगाया आरोप

### घर से जन्मदिन का केक लेने निकली दो नाबालिग सहेलियां लापता

- पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र घर से जन्मदिन का केक लेने के लिए निकली दो नाबालिग सहेलियों के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। लड़कियों की मां की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**सोनीपत।** शिकायत दिखाते हुए महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

शहर की खान कॉलोनी निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी 14 साल की बेटी पड़ोस में रहने वाली अपनी नाबालिग सहेली के साथ गत 10 जून को घर से केक लेने के लिए निकली थी। देर शाम तक वापिस नहीं लौटी। अपने स्तर पर दोनों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं लड़कियों के मां का आरोप है कि पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही है। वह बार-बार थाने का चक्कर लगा रही है, लेकिन पुलिस उनकी मदद नहीं कर रही है।

### पूर्व प्रधान को मातृ शोक संस्थाओं ने जताया शोक



**गन्नौर।** हरियाणा यूनाईटीड स्कूल एसो के पूर्व प्रधान व चाईल्ड केयर स्कूल के निदेशक अजय यादव की माता प्रेमवती के निधन पर एसो के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के अलावा गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। नपा चेयरमैन अरूण त्यागी ने कहा कि स्वर्गीय प्रेमवती ने अपना जीवन सादगी, ईमानदारी के साथ कार्य किया। उनकी कार्यशैली की ग्रामीण सराहना कर रहे है। इसे ही अनुमान लगाया जा सकता है कि उनकी कार्यशैली का हमेशा अनुसरण किया जाएगा। प्राईवेट स्कूल एसो के पूर्व प्रधान अजय भुक्कर, कोषाध्यक्ष रविन्द्र धनखड़, प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, समाज कल्याण स्कूल के प्रबंधक मंजीत कादियान, नवीन, समय सिंह,अरूण त्यागी, प्रवीण सिंघल, भारत भूषण भूटानी, सुबोध, मुकेश सरोहा, सुभाष सरोहा आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। अजय ने बताया कि उनकी माता की श्रद्धांजलि सभा 19 जून को चाईल्ड केयर स्कूल अहीर माजरा में होगी।

## अभियान चलाकर रोपित किए 12 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** अभियान के तहत पौधे रोपित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा सेक्टर के पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इन्द्र सिंह दहिया ने पौधा लगाकर अभियान को शुरू किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। तापमान को सामान्य केवल पेड़ पौधे ही कर सकते हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में बेलगिरी, नीम, आंवले के 12 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया कि सभी पौधारोपण मुहिम को मिलकर एक आंदोलन बनाएं। स्टेट अवार्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, पूर्ण सिंह प्रवक्ता अंग्रेजी, रंधावा मान, हिंदी अध्यापिका गीता, सरला देवी, सेवानिवृत्त प्राध्यापिका गीता देवी, लक्ष्मी मदान, राजरानी रोहिल्ला, शालिनी रहेजा, सेवानिवृत्त अध्यापिका कान्ता देवी उपस्थित रहे।

---

## भाजपा लोकसभा में हाफ, विधानसभा में हो जाएगी साफः सतपाल ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत से कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को सामने रखते हुए विधानसभा चुनाव पर भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा है कि इसबार कांग्रेस का वोट प्रतिशत जबरदस्त तरीके से बढ़ा है और बीजेपी के वोटों में रिकॉर्ड गिरावट आई है। इसलिए जो बीजेपी लोकसभा चुनाव में हाफ रह गई है, वो विधानसभा चुनाव में पूरी तरह साफ हो जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि कांग्रेस को इसबार 36 बिरादरी का भरपूर समर्थन हासिल हुआ। जनता समझ चुकी है कि बीजेपी के पास लोगों को जात-धर्म के नाम पर भड़काने और लड़वाने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन जनता बंटवारे की नहीं बल्कि भाईचारे की राजनीति को पसंद करती है। 2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले भाजपा का वोट 12% घटा है जबकि कांग्रेस गठबंधन के वोटों में लगभग 20% की बढ़ोतरी हुई है। तमाम राज्यों के मुकाबले हरियाणा में इंडिया गठबंधन को सबसे ज्यादा 47.6 प्रतिशत वोट मिले हैं। कांग्रेस ने इस बार सभी विधानसभाओं पर बड़ी जीत दर्ज की है।

#### सोनीपत में कांग्रेस के 11.4% वोट बढ़ेः सतपाल



उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों के हिसाब से देंखें तो अंबाला में कांग्रेस को 18.6% ज्यादा तो बीजेपी को 2019 के मुकाबले 11.1% कम वोट मिले हैं। भिवानी में कांग्रेस को 21% ज्यादा तो बीजेपी को 13.8% कम वोट हासिल हुए हैं। फरीदाबाद में कांग्रेस को 20.3% ज्यादा तो बीजेपी को 15.1% कम वोट मिले। गुरुग्राम में कांग्रेस को 11.6% ज्यादा तो बीजेपी को 10.4% वोट कम हासिल हुए हैं। हिसार में कांग्रेस को 33% ज्यादा तो बीजेपी को 7.9% कम वोट मिले। करनाल में भी कांग्रेस का वोट 18% बढ़ा जबकि भाजपा का 15.1% कम हुआ। कुरुक्षेत्र में कांग्रेस गठबंधन के 17.9% वोट बढ़े जबकि बीजेपी के 11% कम हुए। रोहतक में 16.4% वोट बढ़े तो बीजेपी के 11.9% वोट कम हुए। सिरसा में कांग्रेस के 24.7 प्रतिशत वोट बढ़े तो बीजेपी के 17.8% कम हुए। सोनीपत में कांग्रेस के 11.4% वोट बढ़े तो बीजेपी के 5.1 प्रतिशत वोट कम हुए। यहीं रुझान तमाम विधानसभा क्षेत्रों में भी देखने को मिला।



**गन्नौर।** कार्यक्रम में मौजूद । *फोटो :हरिभूमि*

### पीपीपी से संबधित अपडेट को लेकर किया जागरूक

**गन्नौर।** प्रदेश सरकार की ओर से परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से संबंधित समस्याओं का समाधान और डाटा सत्यापन करने के लिए नागरिक संसाधन सूचना विभाग के माध्यम से 14 से 18 जून तक शहर में लगाए जाने वाले विशेष शिविर को लेकर कर्मचारियों को नगरपालिका में प्रशिक्षण दिया गया। इसको लेकर जिला नागरिक संसाधन विभाग के क्रीड विभाग के जोनल अधिकारी संदीप ने परिवार पहचान पत्र के संबंध में लगाए जाने वाले शिविरों को लेकर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर आमजन को एक ही जगह पर परिवार पहचान पत्र से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान देने के लिए लगाए जा रहे हैं। सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय पर पहुंचे। शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर यह शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में उनके जन्म प्रमाण पत्रों का सत्यापन भी होगा। जिसके तहत जन्म प्रमाण पत्र, एसएलसी, मैट्रिक प्रमाण पत्र अथवा वर्ष 2017 से पहले का मतदाता कार्ड अवश्य साथ लाएं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह परिवार पहचान पत्र से संबंधित डाटा सत्यापित करवाने व दस्तावेज में सुधार के लिए शिविर में भागीदार बनें। शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां सुधारी जाएंगी। परिवार पहचान पत्र में किसी कारण से अगर कोई त्रुटि रह गई है तो उसमें सुधार करने के लिए सरकार की ओर से तीन दिन निर्धारित किए गए हैं। ऐसे में शिविर का लाभ ले सकते हैं। जिससे वह अपने परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को सुधरवाकर उसका लाभ प्राप्त कर सके और भविष्य में उन्हें कोई परेशानी ना हो।

**सूचना**

मैं, प्रहलाद पुत्र श्री राम चन्द्र निवासी मकान नं. 1866/29, गली नं.-5, विकास नगर, ककरोई रोड सोनीपत तह. व जिला सोनीपत, हरियाणा-131001 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संजीव कुमार व पुत्रवधु श्रीमती ममता अहलावत दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं मांगेराम गर्ग पुत्र जानकी प्रसाद गर्ग निवासी 488 निकट काठ मंडी महिला थाना गोकुल नगर सोनीपत बयान करता हूं कि मैं M/s Glow (India) Petro Chemicals, 1st Floor, House No. 78/30, Street No. 2, Behind Raj Hospital Mahalana Road, Sonipat-131001 में बतौर पार्टनर हूं। उक्त कंपनी में मन्नू गोयल पुत्र सुरेंद्र कुमार गोयल निवासी 78/30 गली नं 2, राज अस्पताल के पीछे, मालवीय नगर, गोहाना रोड, सोनीपत भी मेरे साथ पार्टनर है। मैं उक्त पार्टनर मन्नू गोयल की धोखाधड़ी के कारण उक्त कंपनी से पार्टनरशिप मेंबर के पद से हटना चाहता हूं और आज से पहले मेरे व मन्नू गोयल के बीच में जो भी झगड़ा या धोखा हुआ है, वह सभी मन्नू गोयल की ही तरफ से हुआ है। अब मेरा आज के बाद उक्त कंपनी से किसी प्रकार का कोई वास्ता या ताल्लुक नहीं होगा और आज से पहले के सभी लेन देन की जिम्मेदारी मन्नू गोयल की है क्योंकि अब फैक्ट्री का वह अकेला मालिक है। उक्त कंपनी व उक्त पार्टनर आज के बाद मुझे किसी प्रकार के कोई लाभ हानि या अन्य किसी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराएगी।

## खबर संक्षेप

### डीक्रूटा का चुनाव 30 जुलाई को होगा

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल की टीचिंग एसोसिएशन डीक्रूटा का चुनाव 30 जुलाई को होगा। 22 व 23 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 25 जुलाई को नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकते हैं।

डीक्रूटा के चुनाव अधिकारी डा. एमएस धनखड़ ने डीक्रूटा के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। डीक्रूटा के प्रधान, उप प्रधान, महासचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष व 6 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए चुनाव 30 जुलाई को होगा। नामांकन का समय सुबह 10 से सायं 4 बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगें। उन्होंने कहा कि 22 व 23 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 24 जुलाई को नामांकन पत्रों की छटाई का कार्य होगा 25 जुलाई को नामाकंन पत्र वापिस लिए जा सकते हैं। 25 जुलाई को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। 30 जुलाई को चुनाव के बाद परिणाम घोषित कर दिए जाएगें।

### उत्तर रेलवे के सहायक अभियंता को लिखा पत्र

गन्नौर। रेलवे सलाहाकार सिमिति गन्नौर के सदस्य त्रिलोक शर्मा ने राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं को सुदृढ करने के लिए उत्तर रेलवे के सहायक अभियंता को पत्र लिखा है। त्रिलोक शर्मा ने बताया कि राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के आस-पास सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। स्टेशन के गेट के साथ एक पार्क है उसमें कई छायादार पेड़ लगे हैं, लेकिन यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने पार्क में टायल लगवा कर बेंच रखवाये जाने की मांग की। प्लेट फार्म नंबर 2 पर कोई साइकिल स्टैंड नहीं है। उन्होंने बताया कि रेलवे फ्लाईओवर और रेलवे पार्क के बीच में खाली जगह पड़ी है। इसमें साइकिल स्टैंड चालू किया जा सकता है। जिससे रेल यात्रीयो को फायदा होगा और रेलवे विभाग को भी काफी आमदनी होगी।

### कंपनी का लोगो लगा बेच रहे थे नकली पेंट

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में एशियन पेंट्स कंपनी का लोगो लगाकर नकली पेंट बेचने के आरोप का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने पुलिस के साथ मिलकर बाबा कॉलीनी में बनाए प्लांट में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान प्लांट में काफी मात्रा में नकली सामान बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी व कॉपीराइट एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गुरूग्राम निवासी संजय शर्मा ने बताया कि वह एशियन पैंटस कंपनी में कार्यरत है। उसे बाजार में नकदी पैंटस तैयार कर कंपनी के नाम से बेचने की शिकयते मिल रही थी।

## जनसमस्याओं को लेकर परेशान, आश्वासन मिलने के बाद साढ़े 4 घंटे बाद उतारा गया

# ब्लॉक समिति सदस्य का पति चढ़ा टावर पर

- गांव मुकीमपुर में ओवरफ्लो जोहड़, गलियों में भरे पानी, बदहाल पार्क व निकासी को नाले का निर्माण नहीं करने का आरोप
- राजेश वार्ड नंबर-22 की ब्लॉक समिति सदस्य प्रवीन देवी के पति हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत









सोनीपत। मोबाइल टावर पर चढ़ता राजेश, मौके पर इकट्ठा हुए ग्रामीण व पुलिस कर्मी, मोबाइल टावर से उतरता हुआ राजेश, गांव में गंदगी से अटा हुआ जोहड़ तथा राजेश व ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए डीडीपीओ। फोटो : हरिभूमि

गांव मुकीमपुर में ब्लॉक समिति सदस्य का पति हाथ में तिरंगा लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। ग्रामीण ने गांव में ओवरफ्लो जोहड़, गलियों में भरे पानी, बदहाल पार्क व निकासी को नाले का निर्माण नहीं करने का आरोप लगाते हुए समस्या के समाधान के बाद ही नीचे उतरने की बात कही। जिसके बाद से हडकंप मच गया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आनन-फानन में गांव में पहुंचे और ग्रामीण को समझाने का प्रयास किया। जल्द समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन मिलने पर ग्रामीण साढ़े चार घंटे बाद टावर से नीचे उतरे। उधर, मामले में पुलिस ने ग्रामीण के खिलाफ आत्महत्या की कोशिश करने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव मुकीमपुर निवासी राजेश वार्ड नंबर-22 की ब्लॉक समिति सदस्य प्रवीन देवी के पति हैं। राजेश कुमार गांव में विकास कार्य नहीं कराए जाने का आरोप लगाते हुए वीरवार सुबह छह बजे हाथ में तिरंगा झंडा लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गए। राजेश ने कहा कि गांव में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। गांव में जोहड़ ओवरफ्लो है, जिसका दूषित पानी गलियों में फैला हुआ है। गांव में पार्क ही हालत दयनीय है और निकासी को नाले का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

मामले का पता लगते ही मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना मिलते ही बहालगढ़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। राजेश को नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह डीसी को बुलाने व लिखित आश्वासन मिलने की बात कहने लगे। जिस पर डीडीपीओ जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने राजेश से बात की और उन्हें नीचे उतरने को तैयार किया। मशक्कत के बाद उन्हें साढ़े चार घंटे बाद नीचे उतारा जा सका।

### जोहड़ के पानी से गुजरती हैं बेटियां

राजेश कुमार ने बताया कि अधिकारियों से बात कर कर थक चुके हैं। जोहड़ का पानी गली में भरने से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। गांव की बेटियां पड़ोस के गांव के स्कूल में जाती है। इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। पानी भरा होने के कारण दिक्कत होती है। राजेश ने कहा कि बजट होने के बावजूद काम नहीं हो रहे है। ब्लॉक समिति में ही 25 लाख रुपये का बजट पड़ा है। ग्रामीण टोकते थे तो टावर पर चढ़ प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा।

### दे रहा था धमकी, आत्महत्या की कोशिश का केस

गांव मुकीमपुर के ग्रामीण राजेश के टावर पर चढ़ने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसआई सुभाष ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि गांव मुकिमपुर में राजेश नाम का व्यक्ति मोबाइल टावर पर चढ़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। साथ में क्षेत्र के डीडीपीओ जितेंद्र भी पहुंचे। उन्होंने व पुलिस की तरफ से बार-बार राजेश को नीचे उतरने की अपील की। लेकिन राजेश बार-बार गांव में पानी निकासी को लेकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की धमकी देता रहा। काफी देर बाद डीडीपीओ की अपील व उसकी मांग पूरी करने के आश्वासन पर राजेश टावर से नीचे उतरकर आया। नीचे उतरने के बाद उसने कहा कि अगर भविष्य में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह अपनी जीवन लीला समाप्त करने की धमकी देने लगा। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ जुर्म होना पाया गया। बहालगढ़ थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### पत्र लिखे, नहीं मिला समाधान

ब्लॉक समिति सदस्य प्रवीन देवी ने बताया कि उनके गांव में जोहड़ का काम नहीं हो रहा। ओवरफ्लो होने से गलियों में पानी भर रहा है। सीएम विंडो, मंत्री से लेकर डीसी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं। ओवरफ्लो जोहड़ का पानी खेतों में भी चला जाता है। गांव के सरपंच भी काम नहीं कर रहे।





# 15 दिनों से बिजली संकट, लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वैस्ट रामनगर के निवासी पिछले 15 दिनों से बिजली समस्या से जूझ रहे हैं। समस्या से परेशान लोगों ने वीरवार को बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। समस्या की मुख्य वजह ट्रांसफार्मर में गड़बड़ी बताई गई है। कई दिनों से लगातार ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ जाता है, जिसके कारण वोल्टेज की समस्या हो रही है। शिकायतकेंद्र से लेकर अधिकारियों तक शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। प्रदर्शनकारी लोगों ने बताया कि रात को फ्यूज उड़ जाता है, जिसके कारण वोल्टेज कम-ज्यादा हो जाती है। 1912 पर शिकायत करते हैं, परंतु उसका मैसेज कभी-कभी तो दो दिन बाद आता है फिर स्थानीय शिकायत केंद्र पर शिकायत करते हैं तो हमेशा बिजी मिलता है, या फोन उठाया नहीं जाता। जेई और एसडीओ भी फोन नहीं उठाते। लोगों को रात के समय गर्मी में तड़पना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि लगभग सभी शिकायतें ईपी से साइन करवाकर निपटा दी जाती है, जिसके लिये गलत तथ्य दिए जाते हैं। इसीलिये इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिये और लोगों की सुविधा का ख्याल रखते हुए ट्रांसफार्मर की मरम्मत होनी चाहिये।



सोनीपत। बिजली समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग।

### क्या कहते हैं स्थानीय निवासी



हर रोज रात के समय ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ जाता है। पूरी रात गर्मी में गुजारनी पड़ती है। अगर देर रात कोई कर्मचारी आकर ठीक भी कर देता है तो अगले दिन फिर वही समस्या आ जाती है।

रमेश जांगड़ा



कई बार शिकायत केंद्रों पर शिकायत करने के बावजूद कोई रिस्पोंस नहीं मिलता। जेई-एसडीओ फोन नहीं उठाते। एक आम आदमी की नजर में सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

वीरेंद्र



15 दिनों से समस्या बनी हुई। कई बार अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, इसके बावजूद स्थायी हल नहीं निकाला जा रहा। तकरीबन हर रोज बिजली गुल हो जाती है।

धर्मबीर



बिजली निगम की ओर से बिल देने के लिये तो समय पर व्यक्ति पहुंच जाता है, लेकिन समस्या का समाधान करने के लिये कोई भी समय पर नहीं पहुंच पाता। हर गर्मियों में इस तरह की समस्या आती ही है।

राहुल

## न्यूज डायरी

### पैरालिंपियन अमित सरोहा ने अपनी सफलता के पीछे के असली नायकों का सम्मान किया

सोनीपत। पैरालिंपियन अमित सरोहा ने अपनी सफलता में अमूल्य योगदान के लिए अपनी कोर टीम को फिर से सम्मानित किया। इससे पहले, 2021 में उन्होंने अपनी कोर टीम के दोनों सदस्यों को उनके अटूट समर्थन के प्रति आभार स्वरूप प्रत्येक को 25 लाख रुपये के चैक से सम्मानित किया था। अपनी कोर टीम के लिए अंतिम सम्मान के बाद, अमित ने 2023 में पैरा एशियाई खेलों में एक और पदक जोड़ा है। यह उनका 5वां पैरा एशियाई खेलों का पदक था जो उन्हें पैरा एशियाई खेलों में भारत का सर्वोच्च पदक जीतने वाला एथलीट बनाता है। पैरालिंपियन, अमित सरोहा, पिछले 15 वर्षों से भारत और विशेष रूप से हरियाणा में पैरा-स्पोर्ट्स के पथप्रदर्शक रहे हैं।

### कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं हुआ तो किया जाएगा बड़ा आंदोलन : विनोद शर्मा

**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन की जिला कमेटी जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज की अध्यक्षता में बागवानी ब्रांच सेक्टर 14 मार्केट सोनीपत में पहुंची। इस दौरान केंद्रीय कमेटी से प्रदेश प्रेस प्रवक्ता एवं पब्लिक हेल्थ ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा व प्रदेश सह सचिव एवं बी एण्ड आर ब्रांच खरखोदा प्रधान सतीश कुमार रंगा मौजूद रहे। विष्णु दत भारद्वाज ने बताया कि आगामी 21 जून को अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सर्कल कार्यालय सोनीपत में सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक कर्मचारियों के रोष को देखते हुए लंबित पड़ी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता के माध्यम से प्रमुख अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पंचकूला को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

### सीएम फ्लाइंग ने क्लीनिक को जांचा तो पाया सब सही

**खरखौदा।** प्रशासन को शिकायत मिली थी कि खरखौदा उपमंडल के गांव निजामपुर माजरा में एक झोलाछाप चिकित्सक द्वारा अवैध एलोपैथिक दवाइयां, अबॉर्शन किट, नशीली दवाइयों व इंजेक्शन आदि से लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने स्वास्थ्य विभाग से संपर्क साध कर गुरुवार को क्लीनिक पर छापा मारा। निरीक्षक जसमेर, स्वास्थ्य विभाग की टीम में जिला औषधि अधिकारी मुंशी राम, डॉ. गौरव लश्कर, मनोज कुमार द्वारा जांच की गई, तो वहां पर किसी प्रकार की अवैध रूप से दवाइयां व किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। डॉ गौरव के अनुसार जांच के दौरान कोई भी एलोपैथिक प्रतिबंधित दवाएं व अन्य सामान नहीं मिला। इस दृष्टि से क्लीनिक संचालक द्वारा किसी भी तरह का उल्लंघन नहीं किया गया है। इसलिए क्लीनिक पर उनके विभाग की कोई भी आगामी कार्यवाही नहीं बनती है।



### श्रीमद् भागवत कथा में जमकर झूमे श्रद्धालु

सोनीपत। इंडस्ट्रियल एरिया में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता तरुण देवीदास ने शिरकत की। आयोजक समिति द्वारा भाजपा नेता तरुण देवीदास का पटका एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कथा वाचक आचार्य अनिल कृष्ण महाराज द्वारा बाल लीला माखन चोरी गोवर्धन पूजा की कथाएं सुनाई और भक्त जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### बाढ़ नियंत्रण कार्यों को तेजी से करवाएं पूरा, बरसाती पानी की निकासी के हों उचित प्रबंध : मंडलायुक्त

**सोनीपत।** मण्डलायुक्त संजीव वर्मा ने गुरूवार को बाढ़ नियंत्रण कार्यों को लेकर वीसी के माध्यम से उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण को लेकर जिला में चल रहे कार्यों को तेजी से पूरा करवाएं ताकि बरसात सीजन के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि शहर व गांवों में बरसाती पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था बनवाएं, ताकि कहीं भी बरसात का पानी इकट्ठा न हो। मण्डलायुक्त ने मण्डियों में गेहूं के उठान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी मण्डी में गेहूं का स्टॉक न लगाया जाए ताकि बरसात के सीजन में गेंहू खराब न हो। उन्होंने समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिविर में आने वाली शिकयतों का संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के साथ निवारण करवाएं।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## राई में एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग की ट्रेनिंग दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कैडेट्स के साथ जानकारी सांझा करते हुए मेजर जनरल एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-113 का आयोजन मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल, राई में 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन सोनीपत के तत्वाधान में एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-113 का आयोजन किया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल अनूप रावत ने बताया कि यह शिविर 4 जून से 13 जून, 2024 तक चला, जिसमें 17 स्कूलों के 482 कैडेट्स ने भाग लिया। इस कैंप के माध्यम से कैडेट्स को अनुशासन, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट-बैटल क्राफ्ट एवं खेलों के साथ-साथ मिलिट्री ट्रेनिंग से रूबरू करवाया गया।

पंजाब हरियाणा चंडीगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश डायरेक्टरेट से एडीजी मेजर जनरल एमएस मोखा ने कैंप का निरीक्षण किया, जिसमें कैडेट्स द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने सीनियर डिविजन के कैडेट्स द्वारा पेश किया गया सेक्शन फॉर्मेशन बैटल ड्रिल के नमूने का भी निरीक्षण किया और उसकी काफी तारीफ की। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत के कैडेट अपनी प्रतिभा के दम पर 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर होने वाले मार्च पास्ट में एनसीसी का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य तथा कैंप कमांडेंट एवं 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत के कमान अधिकारी कर्नल अनूप रावत द्वारा एडीजी को कैंप का निरीक्षण करवाया। एनसीसी कैंप में कैडेट्स को सेना में करियर चुनने के लिए प्रेरित किया गया। एनसीसी कैडेट्स को .22 इंच राइफल के आम विशेषताएं, रायफल को खोलना-जोड़ना, राइफल के हिस्से-पुर्जों के नाम और किस प्रकार टारगेट पर निशाना लगाया जाता है, के बारे में विस्तार से जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कैम्प एडजुटेंट नरसिंह, सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, सभी स्कूलों के एनसीसी अधिकारी, बटालियन का कार्यालय तथा पूर्ण पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

### दहेज प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

- ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर मायके में रह रही थी विवाहिता

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग से परेशान महिला ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। महिला को लेकर परिजन निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। सेक्टर-15 निवासी बिजेंद्र राणा ने बताया कि उसकी बेटी सीमा का विवाह दिसंबर 2022 में प्रवीन निवासी आदर्श नगर गोहाना के साथ किया था। शादी के बाद से उसकी बेटी के ससुराल वाले दहेज की मांग करते रहते है। उसकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ित करने लगे। उसकी बेटी को एक दिन पहले उनके पास मारपीट करके छोड़कर चले गए। उसकी बेटी मानसिक परेशान हो गई। उसने 11 जून को रात 11 बजे जहरीला पदार्थ निगल लिया।